# आकाशवाणी गोरखपुर
# प्रादेशिक समाचार

**दिनांक–26 मार्च 2024** **7:20 AM**

- प्रदेश भर में आस्था और उमंग के साथ मनाया गया होली का त्योहार : अयोध्या और मथुरा में रही रंगोत्सव की विशेष धूम।
- बाबा गोरखनाथ की नगरी गोरखपुर में आज मनाई जा रही होली। मुख्यमंत्री की अगुवाई में निकलेगी भगवान नरसिंह की शोभायात्रा।
- निर्वाचन आयोग ने राजनीतिक दलों सहित सभी संबंधित पक्षों को लोक सभा चुनाव के दौरान काग़ज़ का कम से कम उपयोग करने के दिये निर्देश।
- भारत बॉयोटेक ने वयस्कों पर टीबी के टीके का चिकित्सीय परीक्षण किया शुरू।

**********

प्रदेश भर में रंगों का त्योहार होली का पर्व कल आस्था और हर्षोल्लास के वातावरण में धूम धाम से मनाया गया। लोगों ने अबीर–गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली की बधाई दी। अयोध्या में नवनिर्मित रामलला मंदिर में पहली बार रंगोत्सव का आयोजन किया गया। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने इसे मनाने के लिए विशेष व्यवस्थाएं की थी। एक रिपोर्ट हमारे अयोध्या प्रतिनिधि से – (पीटीसी अयोध्या)

*वैसे तो अयोध्या में रंगों का त्योहार होली बसंत पंचमी से ही शुरू हो जाता है। और छह हजार मंदिरों में तरह–तरह के कार्यक्रम आयोजित होने लगते हैं। किन्तु विशेष रूप से रंगभरी एकादशी के दिन अयोध्या होली को लेकर उमंग में डूब जाती है। इस बार होली पर पांच सौ वर्षो के संघर्ष के बाद विजय स्वरूप निर्मित रामलला के मंदिर और प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव से उपजा आनन्द और खुशी अयोध्या में सर्वत्य व्यात रहा। नवनिर्मित भाव्य और दिव्य राम मंदिर की पहली होली में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में लोग अयोध्या पहुँचें और हर कोई रामलला के ललाट पर लगे गुलाल को निहारने को आतुर दिखा। कल भोर में ही रामलला को भव्य शिवदास के बाद दिव्य आभूषण पहनाये गये और फिर राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान लखनऊ से आये हर्बल गुलाल लगाने के साथ ही छप्पन प्रकार के व्यंजनों और फलों का भोग लगाया गया। ललाट पर लगे गुलाल से उपजी आभा देख ऐसा लगने लगा जैसे रामलला ने अभी–अभी अवतार ले लिया हो। इसके बाद भक्तों में गुलाल और प्रसाद वितरित किया गया। यह शिलशिला दिनभर जारी रहा। सरजू तट से लेकर रामलला के दरबार तक जन्मभूमि पथ हो, भक्तिपथ हो या फिर रामपथ हो सभी रामलला की पहली होली पर श्रद्धालुओं के समर्पण को प्रभाषित कर रहे थे और दर्शन को लगी लंबी कतार श्रद्धालुओं के उत्साह और उमंग को बंया कर रही थी।*

वहीं ब्रज मंडल में भी होली की चहुंओर धूम रही। वहां के श्रीकृष्ण जन्मभूमि, द्वारिकाधीश मंदिर, वृन्दावन के विश्व प्रसिद्ध ठाकुर बांकेबिहारीजी मंदिर, इस्कॉन मंदिर, प्रियकांतजू मंदिर, बरसाना की राधारानीजी मंदिर, नंदगांव में नंदबाबा जी के मंदिर, गोवेर्धन गिरिराज जी मंदिर, बल्देव गोकुल सहित प्रमुख मंदिरों में देश–विदेश से आये श्रद्वालुओं ने अपने–अपने ठाकुरजी को साक्षी मानते हुए होली खेली। बृज में चहुओर होली का आनंद रस बरसा। बाराबंकी जिले में प्रसिद्ध सूफ़ी संत हाजी वारिस अली शाह की दरगाह पर विभिन्न सम्प्रदाय के लोगों ने फूलों की होली खेल कर आपसी सौहार्द की मिसाल पेश की। पीलीभीत में मुस्लिम बहुल शेरपुर कलां गांव में गालिया देकर फगुआ वसूलने की परम्परा निभाई गई। इसके अलावा जिले से सटी

राजधानी लखनऊ में हर साल की तरह इस बार भी शाही दौर से निकलने वाली शोभा यात्रा उसी परंपरा के साथ निकाली गई। शोभा यात्रा में हाथी, ऊंट, बैंडबाजे के साथ होलीयारों की टोली रंग गुलाल उड़ाते नजर आए। गंगा जमुनी तहजीब की प्रतीक इस शोभायात्रा में सभी धर्मों और सम्प्रदाय के लोग शामिल हुये।

अम्बेडकर नगर, कुशीनगर, बदायूं और बलरामपुर सहित अनेक  जिलों में होली का त्योहार उल्लासपूर्ण माहौल में मनाया गया। इन जिलों में शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक होली की धूम रही। राज्य में होली पर्व के मद्देनजर सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किये गये थे और लोगों को बिजली की कटौती मुक्त आपूर्ति की गयी।

उधर बाबा गोरखनाथ की नगरी में होली का पर्व आज मनाया जा रहा है। होली मनाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी अपने गृह नगर में मौजूद हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गृह जनपद गोरखपुर में आज सुबह से ही होली को लेकर उमंग और उल्लास छाया हुआ है। लोग हाथों में रंग– अबीर, गुलाल लिए होली खेलते हुए नजर आ रहे हैं। एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर और गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दे रहे हैं। किसी भी प्रकार की अनहोनी घटना न घटने पाए ,इसको लेकर पुलिस व प्रशासन मुस्तैद है।

गोरखनाथ मंदिर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ होलिका दहन की राख से तिलक लगाकर होली की शुरुआत किए हैं। अभी कुछ ही देर बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ घंटाघर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा आयोजित भगवान नरसिंह शोभा यात्रा कार्यक्रम में शामिल होंगे। वह भगवान नरसिंह की आरती उतारकर रंग गुलाल की होली खेलेंगे और प्रदेशवासियों को होली की शुभकामनाएं देंगे।

**********

निर्वाचन आयोग आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनावों के दौरान पर्यावरण की दृष्टि से अनुकूल चुनाव प्रक्रिया को बढ़ावा दे रहा है। आयोग ने चुनाव मशीनरी और राजनीतिक दलों को मतदाता सूची और चुनावी सामग्री के लिए कागज का उपयोग कम से कम करने के निर्देश जारी किए हैं। आयोग ने ई–बुक्स और ई–डॉक्यूमेंट्स के उपयोग पर बल दिया है और डबल–साइड प्रिंटिंग तथा ले–आउट अनुकूलन सुनिश्चित करने के लिए कहा है।

निर्वाचन आयोग ने इस लोकसभा चुनाव में इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से ज्यादा से ज्यादा कम्युनिकेशन करने को भी कहा है। सार्वजनिक परिवहन के अधिकतम उपयोग के अलावा चुनाव आयोग ने पर्यावरण–अनुकूल वाहनों को बढ़ावा देना और कारपूलिंग को प्रोत्साहित करने का भी आदेश जारी किया है।

**********

स्वदेशी दवा निर्माता कम्पनी भारत बॉयोटेक इंटरनेशनल लिमिटेड ने तपेदिक यानी टीबी के टीके– एमटीबी वैक का वयस्कों पर चिकित्सीय परीक्षण शुरु कर दिया है। कल विश्व क्षय रोग दिवस पर यह जानकारी साझा की गयी । भारत बॉयोटेक के मुताबिक, टीबी का यह पहला टीका है जिसे स्पेन की दवा निर्माता कम्पनी– बॉयोफेब्री ने मानव स्रोत से तैयार किया है। परीक्षण के पहले चरण में यह टीका एचआईवी से संक्रमण रहित वयस्कों को लगाया गया है। दूसरे चरण में यह टीका एचआईवी ग्रस्त वयस्कों को दिया जा रहा है। इस परीक्षण का उद्देश्य यह निर्धारित करना है कि यह टीका लोगों के लिए सुरक्षित है अथवा नहीं।

होली पर्व के कारण इस बार स्वास्थ्य महकमा चौबीस मार्च की बजाय अट्ठाइस मार्च को आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए विश्व क्षय रोग दिवस मनाएगा। इसका उद्देश्य टीबी रोग के बचाव के प्रति लोगों को जागरूक करना है । गोरखपुर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आशुतोष कुमार दूबे ने बताया कि सेंट्रल टीबी डिवीजन से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुसार इस बार क्षय उन्मूलन सबंधी जनजागरूकता गतिविधियों का ओयोजन आगामी अट्ठाइस मार्च को किया जाएगा। समुदाय में यह संदेश दिया जाएगा कि समय से पहचान हो जाने पर टीबी का सम्पूर्ण इलाज संभव है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में प्रदेश सरकार ने सात वर्ष का कार्यकाल आज पूरा कर लिया है। इस मौके पर श्री योगी ने सोशल मीडिया के जरिए प्रदेशवासियों का आभार जताया है। उन्होंने कहा है कि मौजूदा राज्य सरकार प्रदेश के सभी नागरिकों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिये निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। सात वर्षों के दौरान सबका साथ–सबका विकास के मंत्र की बुनियाद पर सभी वर्गों के लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में कामयाबी मिली है। उन्होंने कहा कि यह कार्यकाल नये भारत के नये उत्तर प्रदेश के सृजन को समर्पित रहे हैं।

**********

मिर्जापुर के थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम समोगरा के पास कल रीवा–चुनार हाइवे पर एक दो पहिया वाहन गलत दिशा में चलने के चलते ट्रक से टकरा गया, जिससे उसपर सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर चंदौली जनपद के मुगलसराय कोतवाली क्षेत्र के चौरहट गांव में मिर्जापुर पड़ाव मार्ग पर तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि तीन अन्य घायल हो गये। यह सभी लोग घर के बाहर डीजे बजा कर होली का जश्न मना रहे थे। घायलों को इलाज के लिए भर्ती कराया गया है।

**********